हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 13 अगस्त 2025

14 प्रेमिका ने प्रेमी को बाइक दिलाने दो लाख की चोरी की...


14 हर घर तिरंगा अभियान में 178 बटालियन बीएसएफ ...




श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

**मांग**

कांग्रेस के कार्यकाल में अफसरों द्वारा किए गए घोटाले की हो जांच

# सीएसईबी भानुप्रतापपुर ने मृत किसानों को जिंदा बताते हुए करवा लिए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांग्रेस के कार्यकाल में अनुसुचित जनजाति कृषकों के कृषि पंप कनेक्शनों का भार 3 हार्स पावर से 5 हार्स पावर बढ़ा दिया, परंतु उनका स्थल निरीक्षण स्थल पर न जाकर कार्यालय में बैठकर बना लिया और मृत किसानों के भी हस्ताक्षर कर लिए। इस मामले की शिकायत किसानों ने सीएसईबी के उच्च अधिकारियों से कई बार की। परंतु विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रभावित सैकड़ों की संख्या में पहुंचे किसानों ने मामले को उजागर करते हुए कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर से शिकायत करते हुए जाँच की माँग की है। किसानों के मृत्यु प्रमाण पत्र और स्थल निरीक्षण के दस्तावेज भी सौंपे। जानकारी के अनुसार कांग्रेस के कार्यकाल में वित्तिय वर्ष 2022-23 में अनुसुचित जनजाति कृषकों की कृषि पंप कनेक्सनों का भार 03 हार्स पावर से 5 हार्स पावर किया गया, परंतु इसकी जानकारी किसानों को नहीं दिया गया। नियमानुसार भार वृद्धि करने से पहले स्थल निरीक्षण किया जाता है। परंतु विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवैध तरीके से कूटरचना करते हुए फर्जी स्थल निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर कृषि पंपों का भार बढ़ा दिया गया। जिसकी जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मिले दस्तावेज और कृषकों से संम्पर्क कर दस्तावेज की सत्यता जांचने पर चौंकाने वाले तथ्य सामने आया है। तथ्य यह है कि जिस कृषक की मृत्यु हो चुकी है, उसको जिंदा बताते हुए उसके सामने स्थल निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार करवाया है। मृतक के हस्ताक्षर भी बनवा लिए। विभाग ने मृत किसान को जिंदा बताते हुए हस्ताक्षर स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में करवाया गया है, जो कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है।

**किसानों के आरोप**

- विभाग ने बिना परमीशन के पंप का बढ़ा दिया भार
- अस्थायी पंप कनेक्शन एवं अन्य कार्य को लेकर हुई अवैध वसूली
- विभाग के उच्च अधिकारियों से किया था शिकायत, नहीं हुई कार्यवाही



### किसानों से वसूली गई है राशि

कलेक्टर को शिकायत करते हुए किसानों ने बताया कि किसान मेहत्तर राम पोया, लखन जुर्री, हरे सिंह, ईश्वर सिंह, रवि कुमार शोरी, लखनलाल जुर्री, रोहिदास यादव, हिरेसिंह हिड़को सुकरोतिन कोसम, डोमन भूआर्य, राजेश तेता से कोरर वितरण केन्द्र में अस्थाई कृषि पंपों एवं स्थाई पंप कनेक्शन लाइन विस्तार कार्य के लिए 15 से 20 हजार तक की अवैध राशि वसूल की गई है। किसानों का कहना था कि वितरण केन्द्र कोरर में पदस्थ रहे कनिष्ठ यंत्री महेन्द्र राठिया, लाइन कर्मचारी हितेन्द्र अमादिया एवं आऊट सोर्स सब स्टेशन आपरेटर भुवन कुमार साहू अवैध वसूली में शामिल रहे। किसानों का कहना है कि कार्यालय का घेराव करने के बाद कनिष्ठ यंत्री को कोरर से हटाकर दूसरी जगह भेज दिया गया था, उनके स्थान पर दूसरे कनिष्ठ यंत्री को भेजा गया।

### ग्रामीणों ने मृत किसानों के दिखाए दस्तावेज

कलेक्टोरेट शिकायत करने पहुँचे किसानों ने बताया कि भैंसाकन्हार निवासी बिखरूराम, भैंसाकन्हार निवासी सुकालू राम, भैंसाकन्हार निवासी धनेशराम, नरसिंगपुर निवासी दुलम सिंह, हरनपुरी निवासी रजमन, हरनपुरी निवासी बुधराम के पंप का जिस दिनांक को स्थल निरीक्षण किया गया, उसकी पहले उनकी मृत्यु हो चुकी थी। विभाग के अधिकारियों ने मृतक किसान के फर्जी ढंग से हस्ताक्षर करके स्थल निरीक्षण रिपोर्ट तैयार किया गया है। किसनो ने उक्त किसानों के दस्तावेज दिखाएं।



### शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

किसानों का कहना है कि हम लोगों ने कलेक्टोरेट आने के पहले 18 फरवरी 2024 और 15 सितंबर 2024 को अधीक्षण यंत्री को लिखित में शिकायत किया गया था, परंतु आज दिनांक तक अधीक्षण यंत्री कार्यालय के द्वारा कोई संतोषप्रद कार्रवाई नहीं किया गया, जिससे संलिप्त कर्मचारियों का अवैध वसूली का कार्य तेजी से बढ़ गया है।

### कलेक्टोरेट में ज्ञापन देने पहुंचे किसान

कलेक्टोरेट में भाजपा कोरर मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, महामंत्री नरेंद्र शर्मा के साथ किसान पुनीतराम पदमाकर, विमल सिंह, पुनाराम कोलियारा, राजकुमार, अंकालूराम, सुखूराम उइके, राजाराम, विष्णुराम, रवि कुमार शोरी, कृष्णकुमार, रामरतन, देवसिंह, छन्नूराम एवं सैकड़ो की संख्या में किसान पहुँचे थे।

### कलेक्टर ने दिया आश्वासन

किसानों के द्वारा सौपे गए दस्तावेज और किसानों की बात सुनकर कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने कहा कि आपकी शिकायत की जाँच करवाते हैं। जाँच रिपोर्ट आने के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### अस्पताल की समस्या से स्वास्थ्य मंत्री को कराया गया अवगत



**पखांजुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर परलकोट क्षेत्र की खराब स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। एनएसयूआई के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अभिक भट्टाचार्य ने स्वास्थ्य मंत्री को क्षेत्र के अस्पतालों में विशेषज्ञ, डॉक्टरों की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के बारे में अवगत कराया। मंत्री से आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण समस्या को जल्द से जल्द हल किया जाए, ताकि क्षेत्र के निवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ मिल सकें। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वे परलकोट क्षेत्र की स्वास्थ्य संबंधी सभी समस्याओं को शीघ्र ही दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।

### आत्मानंद स्कूल में विश्व आदिवासी दिवस मनाया



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में 12 अगस्त को संस्था के प्राचार्य अजय नेताम के मार्गदर्शन में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशोक जैन, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य सविता उईके, सरपंच शकुंतला नरेटी, मुकेश नरेटी उपस्थित रहें। आदिवासी दिवस पर छात्रों ने नृत्य, गीत, झांकी, फैंसी ड्रेश, रंगोली, भाषण प्रस्तुत किया गया।

### पालक शिक्षक सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय स्वामी अत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में संस्था के प्राचार्य अजय नेताम के उपस्थिति में पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अधिक से अधिक पालकगण उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। घर का वातावरण, बच्चों की पढ़ाई के लिए उचित वातावरण के लिए घर में ही पढ़ाई करना। छात्र दिनचर्या, बच्चे ने क्या क्या सिखा, बच्चा बोलेगा बिना डर के, परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, आय, जाति, निवास, साथ ही अभी एफए-1 परीक्षा हुआ उसके प्राप्त अंक के बारे में चर्चा किया गया। इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण व विद्यार्थियां उपस्थित रहे।

## खेत में लगी बोर मशीन को अज्ञात चोरों ने किया पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत कुम्हानखार से सिंचाई के लिए लगाए बोर मशीन को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पीड़ित किसान ने अपने बोर मशीन को आसपास पता तलाश किया, लेकिन कोई पता नही चला। किसान ने मामले की शिकायत कांकेर थाना में किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे कुम्हानखार निवासी 26 वर्षीय राजीव कुमार कुंजाम पिता स्व. पुनीत कुमार कुंजाम ने पुलिस को बताया कि मेरी माँ सुखिया बाई के नाम से कुम्हानखार मे कृषि भूमि है, जिसमें 6 साल पहले बोर कराकर तीन एचपी का बोर मशीन लगाया था। जिससे वर्तमान में कृषि कार्य चल रहा था। कृषि भूमि में धान की फसल लगाए है, जिसे देखने व काम करने के लिए 11 अगस्त को परिवार के साथ गए थे। उसी दिन शाम 6 बजे तक उक्त बोर से पानी लेकर कृषि कार्य किए और शाम साढ़े 6 बजें बोर को बंद कर वापिस घर आ गए। अगले दिन 12 अगस्त को सुबह करीबन 8 बजे खेत गया, तो देखा कि बोर में लगा बोर मशीन नहीं थी। कोई अज्ञात चोर बोर मे लगे 3 एचपी के बोर मशीन को बोर से निकाल कर बोर मशीन में लगे पाइप को वही छोड़ दिया है और बोर मशीन को चोरी कर ले गया। आसपास पता तलाश किया, लेकिन कोई पता ▶▶| शेष पेज 12 पर




- मामला दर्ज होते ही पुलिस चोरों की तलाश में जुटी

## सिंगारवही के जर्जर भवन में जान जोखिम में डाल पढ़ाई कर रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत स्थित पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारवही का भवन पूरी तरह से जर्जर अवस्था में है, जिससे विद्यार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण और स्कूल प्रबंधन संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी देते आ रहे हैं, फिर भी अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

सिंगारवही विद्यालय भवन की छत जगह-जगह से टपकती है। बारिश के दौरान कक्षाओं में पानी भर जाता है, जिससे बच्चों के बैठने की जगह नहीं बचती और पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होती है। बच्चों को अक्सर खड़े होकर या गीली जगहों पर बैठकर पढ़ना पड़ता है। छात्र छात्राओं के अनुसार बारिश के दिनों में दीवारों में करंट तक दौड़ जाता है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हाल ही में बिजली विभाग को बुलाकर मरम्मत कराई गई थी, लेकिन वह भी अस्थायी समाधान ही साबित हुआ है। बच्चों के अभिभावकों और ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों में विद्यालय जाने को लेकर डर बना हुआ है। बच्चे खुद बताते हैं कि उन्हें बारिश के समय स्कूल भवन में जाने से डर लगता है, लेकिन पढ़ाई के लिए मजबूरीवश ▶▶| शेष पेज 12 पर



- बारिश होते ही भवन की छत जगह-जगह से है टपकती

## तिरंगा यात्रा में केवल तिरंगा लहराना नहीं, बल्कि यह पता चलता है कि हम सब एक है : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मोर तिरंगा, मोर अभिमान कार्यक्रम के तहत मंगलवार 12 अगस्त को

- मोर तिरंगा, मोर अभिमान

नरहरपुर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें विधायक आशाराम नेताम भी शामिल हुए। यह यात्रा सांस्कृतिक भवन से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए आम बगीचा बस स्टैंड पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के गीत, नारे ने माहौल को देशप्रेम से भर दिया।

तिरंगा यात्रा के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने जनसमूह से कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इसे पूरे सम्मान और उत्साह के साथ निकाला गया है। इस यात्रा का उद्देश्य केवल तिरंगे को लहराना नहीं, बल्कि यह बताना भी है कि हम सब एक हैं। जाति, धर्म, वर्ग से ऊपर उठकर हम सब भारतीय हैं। युवाओं को इस तरह के आयोजनों में आगे आना चाहिए, ताकि उनमें देशप्रेम और जिम्मेदारी की भावना और अधिक प्रबल हो। जनपद अध्यक्ष सोमन कावड़े ने कहा ऐतहासिक आयोजन को एकता और गर्व का प्रतीक बताया और युवाओं को प्रेरित किया। जनपद उपाध्यक्ष संजूगोपाल साहू, तहसीलदार पोरस वेंताल, थाना प्रभारी सुरेश राठौर, बीईओ केके साहू ने सभी को मन में भारतीयता का भाव रख देश हित में



कार्य करने आव्हन किया। पार्षद मुकेश संचेती ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशप्रेम की भावना को मजबूत करना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अव्हान पर मोर तिरंगा मोर अभिमान को लेकर यह गौरवमयी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि हर नागरिक को यह याद दिलाने का प्रयास है कि आज जो हम आजादी की सांस ले रहे हैं, उसके पीछे हजारों बलिदानी हैं।

देशभक्ति के रंग में रंगे नरहरपुर के मार्गों पर पूरे रूट पर लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। मकानों और दुकानों पर झंडे लगाए गए थे। तिरंगा यात्रा में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हर वर्ग और उम्र के लोगों ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिसमें महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और बच्चों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। सभी हाथों में तिरंगा लिए देश के सम्मान में नारे लगाते नजर आए। इस आयोजन से देशभक्ति की भावना, राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध और सामाजिक समरसता का संदेश पूरे नरहरपुर क्षेत्र में फैला। 15 अगस्त से पूर्व घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी नागरिकों को अपने निवास स्थान व्यवसायिक संस्थानों पर तिरंगा झंडा लगाने का आव्हान किया गया है।

आयोजित तिरंगा यात्रा में देवेन्द्र सिंह भाऊ, सपन श्रीवास्तव , संतोष भास्कर, लक्ष्मीनारायण साहू, धनेश कौशिक, नितेश मगेंद्र, भागवत शोरी, आशा रावटे, सुशीला सिन्हा, आसकरण धुव, हेमंत साहू एवं समस्त नगरवासी उपस्थित रहे।

## दबंगों ने दो भाइयों पर किया कुल्हाड़ी से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर थानांतर्गत हल्बा चौकी क्षेत्र के ग्राम गितपहर में गांव के कुछ दबंगों ने दो भाई के साथ मारपीट किया। दबंगों ने कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हे घायल करने का कोशिश किया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच बचाव किया। बीच बचाव नहीं करने पर बड़ी घटना हो सकती थी। हल्बा चौकी में शिकायत करने पहुंचे गितपहर निवासी 35 वर्षीय गिरधर सिन्हा पिता पंचूराम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 10 अगस्त की रात साढ़े 10 बजे मैं और मेरा भाई जयकिशन सिन्हा के दुकान में भाई को छोड़ने के लिए गया था। दुकान के पास पहुंचे, तब हमने देखा कि अजय सिन्हा, बबलू पटेल, रोशन पडोटी सभी गितपहर निवासी और ग्राम जेपरा के दो अन्य व्यक्तियों द्वारा दुकान के सामने पड़े ड्रम को तोड़फोड़ कर रहे थे। तभी मेरा भाई जयकिशन सिन्हा ने अजय सिन्हा, बबलू पटेल, रोशन पडोटी एवं ग्राम जेपरा के दो अन्य व्यक्तियों को बोला कि ड्रम को क्यों तोड़ रहे हो। इतना कहने पर सभी एक राय होकर गाली देने लगे। गाली देने से मना किया, तो जान से मारने की धमकी देते हुए साथ में पास में रखे कुल्हाड़ी से हमला करने का प्रयास किया। हमला को देखकर प्रकाश सलाम, सुधिया ▶▶| शेष पेज 12 पर

- थाने में जुर्म दर्ज, विवेचना शुरू



**मौसम विभाग की माने तो 16 तक द्रोणिका रहेगी सक्रिय**

## द्रोणिका के सक्रिय हो जाने से एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मानसून द्रोणिका सक्रिय होने के बाद 12 से 16 अगस्त के बीच हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त किया गया था। मौसम विभाग की संभावना व्यक्त किया था, उसके तहत 12 अगस्त को दोपहर बाद साढ़े 4 बजे के आसपास कांकेर जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील में भी एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई। आधा सावनभर बारिश नहीं होने से किसान परेशान होने लगे थे और जिसके पास बोर थे, वहीं धान को पानी दे पा रहे थे। किसान पानी को लेकर परेशान होने लगा था, वहीं उमस से शहरवासी परेशान हो रहे थे। सुबह हो या शाम दिनभर उमस के चलते लोग घरों से नहीं निकल रहे थे। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल तट तथा उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व उत्तर प्रदेश से दक्षिण बांग्लादेश तक बिहार, झारखंड, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग से होते हुए, 3.1 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके चलते बारिश हो सकती है। हालांकि अधिकतम तापमान 28 से 29 डिग्री के आसपास रहने, दोपहर में धूप खिलने से लोगों को गर्मी व उमस का सामना करना पड़ सकता है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें द्रोणिका का प्रभाव 16 अगस्त तक रहेगा, यानी बारिश 16 अगस्त तक हो सकती है।

- उमस से भी लोगों को मिली राहत



### जलाशयों में जलस्तर बढ़ते क्रम पर रहेगा

मौसम विभाग के अनुसार मानसून ब्रेक की स्थिति समाप्त हो चुकी है। इस वजह से मानसून द्रोणिका का पूर्वी छोर अपने सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर स्थित है। इस कारण से बारिश होने की संभावना बन रही है। अच्छी बारिश होने की स्थिति में जिले के जलाशयों का जलस्तर बढ़ते क्रम पर रहेगा।

## शंका और घरेलू विवाद से परेशान पत्नी ने पति के खिलाफ थाने में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पेंड्रावन में आरोपी पति ने अपनी पत्नी के ऊपर शंका करते हुए मारपीट किया। पति द्वारा शराब के नशे में विवाद करना व आए दिन मारपीट करता था। मारपीट की बात को लेकर गांव में कई बार बैठक कर समझाइश दिया गया, लेकिन आरोपी नहीं सुधर पाया। मारपीट से परेशान होकर पत्नी ने आरोपी पति के खिलाफ शिकायत किया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया। नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पेंड्रावन निवासी 30 वर्षीय सविता निषाद पति नागेश्वर निषाद ने पुलिस को बताया कि मेरे दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। वह 9 अगस्त को पड़ोसी केसर निषाद के घर राखी बांधने गई थी। अपने भाई शिवचरण, कोमेश निषाद को राखी बांधी और केसर निषाद के घर में ही अपने परिवार के लिए खाना बनाई थी। सभी खाना खाने के लिए रात लगभग 8 बजे बैठे थे। खाना खाते समय मेरे पति शराब पीकर आया और आवाज दी। खाना छोड़कर घर से बाहर आई तब मेरे पति मुझे शंका करते हुए गाली देने लगे। जान से मारने की ▶▶| शेष पेज 12 पर



- पुलिस ने दर्ज किया मामला

## खबर संक्षेप



### मितानिनों के धरना प्रदर्शन को शिवसेना ने दिया समर्थन

**दुर्गूकोंदल।** मितानिनो द्वारा अपनी मांगों को लेकर पूर्व में सरकार को कई बार आवेदन-निवेदन किया एवं पूरे प्रदेश के सभी ब्लॉकों में धरना, प्रदर्शन, आंदोलन किया गया। भाजपा सरकार द्वारा उनके आंदोलन, आवेदन, निवेदन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। निराश होकर पूरे प्रदेश के सभी मितानिन एक होकर के रायपुर के धरना स्थल तूता में धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया। मितानिनों के परेशानी को देखते हुए शिवसेना द्वारा पूरे प्रदेश के हर ब्लॉक में मितानिनों के धरना, प्रदर्शन को समर्थन देकर उनकी मांगों का समर्थन किया गया। रायपुर राजधानी धरना स्थल तूता में शिवसेना प्रतिनिधि मंडल पहुंचकर धरना को एवं मितानिनों के आंदोलन का समर्थन किया गया। मितानिनों के धरना प्रदर्शन के दौरान शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्र मौली मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में गूंगी बहरी सरकार बैठी है जो की मितानिनो के धरना, प्रदर्शन, आंदोलन को ना देख पा रही है, ना सुन पा रही है। आज पूरे प्रदेश में मितानीन आम जनता की सेवा कर रही हैं। उनको देखने वाला कोई नहीं है। शिवसेना प्रदेश सरकार से मांग करती है कि वह अविलंब मितानिनों की मांगों को पूरा करें।

### आत्मा की शुद्धि व परमात्मा से संबंध का पर्व है रक्षाबंधन



**पखांजुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व आध्यात्मिकता और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवाकेंद्र की मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी शानू दीदी ने बताया कि यह त्यौहार केवल भाई-बहन के बीच रक्षा सूत्र बांधने का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह आत्मा को विकारों से बचाने और परमात्मा से अटूट संबंध जोड़ने का संकल्प लेने का पर्व है। दीदी ने समझाया कि सच्चा रक्षाबंधन विचारों की पवित्रता, संबंधों की मर्यादा और आत्मा की सुरक्षा का प्रतीक है। आज के समय में हर कोई असुरक्षित महसूस करता है, क्योंकि हम त्यौहारों के पीछे छुपे आध्यात्मिक रहस्य को भूल गए हैं। उन्होंने जोर दिया कि हमारी सच्ची रक्षा केवल परमपिता परमात्मा शिव ही कर सकते हैं, कोई भी मनुष्य नहीं। जब हम अपने आपको शरीर से अलग एक आत्मा मानकर परमात्मा से जुड़ते हैं, तो वह हमें सभी बुराइयों और विकारों से मुक्त कर देते हैं। इस पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारीज के सदस्यों ने पखांजुर के अनेक विभागों में जाकर अधिकारियों और कर्मचारियों को राखी बांधी।

**कार्यक्रम : हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली रैली**

# सार्वजनिक स्थानों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा, मोर तिरंगा मोर अभिमान अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमकसा के प्राचार्य कुमुद ध्रुव के मार्गदर्शन में जूनियर रेड क्रास, युको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना स्काउट गाइड एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। देशभक्ति के माहौल से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में स्कूल की छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिका ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्राम की साफ सफाई गांव के सार्वजनिक स्थल एवं सभी सार्वजनिक संस्था ग्राम पंचायत बस स्टैंड, हैंडपंप, पंचायत भवन एवं अन्य स्थानों का साफ सफाई किया गया। यात्रा प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आगे बढ़ी, जहां देशभक्ति के नारों हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा तथा मोर तिरंगा मोर अभिमान से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए एकता, देशप्रेम और राष्ट्रीय गर्व का संदेश दिया। संस्था की प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा केवल हमारे देश की पहचान ही नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का प्रतीक है। हर नागरिकं का कर्तव्य है कि हम सब इसका सम्मान करे और गौरव बनाए रखे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भारत माता को नमन किया और देश की अखंडता, एकता व समृद्धि के लिए संकल्प लिया।

इस अवसर पर संस्था के शिक्षक रामभरोंश उसेंडी, आलोक त्रिवेदी, मनोज दरियो, विजय कुमार गोटा, पंचराम करपाल, श्रद्धा ठाकुर, ललिता सिंहा, राजेश्वरी मंडावी, संगीता छेदेदिया, नीता नायक, राधिका, सुरेंद्र लकड़ा, विमल कुमार भालेश्वर, एवं अन्य शिक्षक शिक्षिका छात्र छात्राएं तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे।





### 181 वीं बटालियन ने निकाली तिरंगा यात्रा



सीमा सुरक्षा बल 181 वीं बटालियन के जांबाजों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तत्वावधान में बीओपी काहनगढ़ पर तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को 181 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट परमिंदर सिंह के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीम कैप्टन जांबाज मोटर साइकल टीम निरीक्षक विश्वजीत भाटिया व 36 जांबाजों के साथ सीमा भवानी के 12 महिला जांबाजों और 181 बटालियन सीमा सुरक्षा बल के 10 बाइक राइडर्स ने भाग लिया। इसका उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों के आसपास रहने वाले स्थानीय निवासियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को जागृत व बढ़ावा देना था। बाइक रैली बीओपी कहनगढ़ से जीटी रोड के साथ अटारी गांव, नेष्टा गांव होते हुए बीओपी, जेसीपी अटारी पर पूर्ण हुई। डीजी बीएसएफ दलजीत चौधरी द्वारा पूरे भारत पाकिस्तान बार्डर पर सीमा सुरक्षा बल के सशक्त सीमा प्रहरियों द्वारा अथक ड्यूटी एवं सौहार्द का माहौल बनाने के एवं युवाओं को सीमा सुरक्षा बल में आने के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### 28 वीं वाहिनी अंतागढ़ द्वारा भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन

**अंतागढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से 28 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अंतागढ़ द्वारा एक भव्य एवं प्रेरणादायक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ वाहिनी परिसर से हुआ और यह नगर अंतागढ़ तक देशभक्ति के उत्साह एवं तिरंगे के सम्मान का संदेश देती हुई पहुँची। इस आयोजन का नेतृत्व द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा किया गया। इसमें वाहिनीं के सभी वरिष्ठ अधिकारी और बलकर्मी तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय, वन्दे मातरम और एक भारत, श्रेष्ठ भारत जैसे जोशीले नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंगते रहे। तिरंगे की शान और देशभक्ति का जोश लिए मोटर साइकलों का काफिला अंतागढ़ की सड़कों पर गर्व से गुज़रा। हर मोड़, हर रास्ते पर तिरंगे की लहराती छटा और नारों की गूंज ने माहौल को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। यह रैली न केवल तिरंगे के गौरव का प्रतीक बनी, बल्कि जन-जन में राष्ट्रीय एकता, गर्व और जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करने का माध्यम भी बनी। द्वितीय कमान अधिकारी ने इस अवसर पर बलकर्मियों से कहा कि देश सर्वोपरि है और प्रत्येक नागरिक का प्रथम कर्तव्य इसकी एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा करना है। बलकर्मियों को राष्ट्र के सम्मान, सुरक्षा और गौरव हेतु सदैव तत्पर रहने तथा देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। 28 वीं वाहिनी अंतागढ़ ने इस अवसर पर सभी ने यह संकल्प दोहराया कि वह सदैव राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सेवा की राह पर अग्रसर रहकर देश की एकता, अखंडता और गौरव की रक्षा करते रहेंगे।

## मोर तिरंगा, मोर अभिमान अभियान को लेकर भाजपा की हुई बैठक

**दुर्गूकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गूकोंदल द्वारा हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा और मोर तिरंगा, मोर अभिमान के अंतर्गत रेस्ट हाऊस भवन में बैठक हुआ। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा और राष्ट्रभक्ति का वातावरण पूरे क्षेत्र में गूंजेगा।



बैठक में प्रभारी छात्रप्रताप दुग्गा तथा सहप्रभारी अरविंद्र जैन, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंग कल्लो, पूर्व मंडल अध्यक्ष जनपद सदस्य पिलम नरेटी, विजय पटेल, मंडल महामंत्री सरपंच शकूनतला नरेटी, युवा मोर्चा महामंत्री विकास राजू नायक, मंडल मंत्री रघुनाथ मंडावी ,सरपंच तुलसी मतलामी, मुकेश नरेटी, दीपक पुड़ो, योगेश कुलदीप, वीरेंद्र जैन, मनोज दुग्गा, नरेश कोमरा, मनोज बघेल, राहुल राय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सैनिक भाइयों को बांधी राखी और निकाली गई तिरंगा यात्रा

**दुर्गूकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में 12 अगस्त को एक राखी सैनिक भाई के नाम के तहत विद्यालय के समस्त छात्राओं और शिक्षिकाओं ने अपने हाथों से राखी बनाकर दुर्गूकोंदल के बीएसएफ 178 बीएन और दुर्गूकोंदल थाना के अधिकारी कर्मचारी शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशोक जैन, प्राचार्य को सम्मानपूर्वक राखी बाँधा। हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग कार्यक्रम कर दुर्गूकोंदल नगर में बीएसएफ जवान और विद्यार्थियों के द्वारा



नारे लगाते हुए तिरंगा रैली निकाला गया। रैली में सरपंच सकुंतला नरेटी, जनपद सदस्य सविता उईके, बीएसएफ जवान, पुलिस जवान संस्था के प्राचार्य अजय नेताम और समस्त कर्मचारी और विधार्थिगण उपस्थित रहे।

## भारी बारिश के बावजूद भी जारी रही कांग्रेस की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**पखांजुर।** स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर कांग्रेस की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भारी बारिश के बावजूद भी हड़ताल जारी रही। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। यह हड़ताल मुख्य रूप से पखांजुर के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के विरोध में किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ और उपकरण नहीं होने के कारण मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



पखांजुर में 12 अगस्त को सुबह से हो रही तेज बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारियों का हौसला कम नहीं हुआ। टेंट लगाकर और छतरियों के नीचे बैठकर अपनी मांगों पर अड़े रहे। सरकार से मांग की है कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इस प्रदर्शन से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद जगी है और देखना यह होगा कि सरकार इस पर क्या कदम उठाती है। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, अंतागढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रूपसिंह पोटाई, जिला उपाध्यक्ष मनीषा जायसवाल और देवली नूरेटी, ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस नीलाक्षी बिस्वास और पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुप्रकाश मलिक, मंडल अध्यक्ष भुवन बढ़ाई, सिद्धार्थ बढ़ई, पूर्व पार्षद अमर मंडल, गोपाल कुंडू, दीपांकर सरकार, विक्रम मलिक, सचिन मलिक, रमन सरकार, शुभाशीष शाना, जमुना हालदार, ललिता शर्मा, जमुना डाकुआ, शांति दुग्गा, ज्योत्स्ना खा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लाइब्रेरियन डे पर डॉ. एसआर रंगनाथन को किया याद, मनाई जयंती

**महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विविध आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर



शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथन की 133 वीं जयंती पर राष्ट्रीय लाइब्रेरियन डे बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एसआर रंगनाथन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान में शिक्षा और शोध के लिए एक आधारशिला है। विद्यार्थियों को इनका अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। डॉ. एसआर रंगनाथन ने पुस्तकालयों को केवल पुस्तकों का भंडार न मानकर उन्हें समाज के ज्ञान केन्द्र के रूप में स्थापित किया। पुस्तकालयों को इस तरह विकसित करने पर जोर दिया, जिससे हर वर्ग के लोग आसानी से ज्ञान और जानकारी पहुंच सकें। महाविद्यालय के लाइब्रेरियन डॉ. सूर्यकांत देवांगन ने बताया कि वे मूल रूप से गणितज्ञ थे, जिन्होंने पुस्तकालय विज्ञान को नई दिशा दी। उन्होंने 1931 में पुस्तकालय के पाँच नियम प्रतिपादित किए, जिनसे पाठकों और पुस्तकों के बीच गहरा संबंध स्थापित हुआ। ये नियम आज के डिजिटल युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। डॉ. रंगनाथन ने पुस्तकों को व्यवस्थित ढंग से वर्गीकृत करने के लिए 1933 में कोलन क्लासीफिकेशन पद्धति विकसित की, जो आज भी पुस्तकालय विज्ञान में महत्वपूर्ण मानी जाती है। अपने जीवनकाल में उन्होंने अनेक पुस्तकें और शोध पत्र लिखे, जो इस क्षेत्र में मार्गदर्शक हैं। वर्तमान डिजिटल युग में पुस्तकालयों की भूमिका और भी बढ़ गई है। अब पुस्तकालय केवल पुस्तकों का भंडार नहीं, बल्कि ज्ञान, जानकारी और शोध के प्रमुख केन्द्र बन चुके हैं। पुस्तकालय विज्ञान में उनके असाधारण योगदान के लिए भारत सरकार ने 1957 में उन्हें पद्मश्री सम्मान से भी सम्मानित किया।

## परलकोट में हाथी का उत्पात जारी दो घरों को पहुंचाया नुकसान

**पखांजुर।** परलकोट क्षेत्र में वन्य हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। रविवार देर रात अंजाड़ी गांव में उत्पात मचाने के बाद एक हाथी संगम नर्सरी होते हुए कोटरी नदी पार कर बारकोट से किरंगाल मस्पी पहुंचा। यहां उसने राम बाई आंचला और रैनू राम पद्दा के घरों में घुसकर भारी तोड़फोड़ किया।

हाथी ने श्याम बाई आंचला के घर की दीवार तोड़ दी, जिससे पूरा घर ढह गया। बाड़ी में रखा धान भी उसने नष्ट कर दिया। इसके बाद रैनू पद्दा के घर में घुसकर घरेलू सामान को तहस-नहस कर दिया। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी मिलते ही वन विभाग और पुलिस की संयुक्त रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। वन विभाग ने आसपास के इलाकों में अलर्ट जारी किया है



ताकि लोग सतर्क रहें। वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम परलकोट बांदे विजय पटनायक ने बताया कि टीम मौके पर गई है। टीम के लौटने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि कितने घर और फसल को नुकसान हुआ है। जांच में धान की मात्रा और मकान के नुकसान का आकलन किया जाएगा। रिपोर्ट और दस्तावेज उच्च अधिकारियों को भेजे जाएंगे और तीन महीने के भीतर प्रभावित किसानों के खातों में मुआवजा जमा कर दिया जाएगा।

### 11 वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश लेने के लिए 17 तक मौका

**कांकेर।** प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय ईमलीपारा कांकेर में कक्षा 11 वीं में 02 सीट 01 अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं 01 सामान्य वर्ग कन्या का सीट रिक्त है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से होगा। प्रश्न पत्र कक्षा 10 वीं स्तर का होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही प्रदेश के संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र में स्थित किसी शासकीय अथवा अशासकीय शाला से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। प्रवेश हेतु ऑफलाइन आवेदन 13 अगस्त से किया जा सकता है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 17 अगस्त तक निर्धारित की गई है। पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन 19 अगस्त को की जाएगी तथा प्रवेश पत्र 20 अगस्त को जारी किए जाएंगे। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 23 अगस्त शनिवार को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा परिणाम 24 अगस्त को घोषित किए जाएंगे।

**आयुष्मान वय वंदना योजना का प्रचार-प्रसार करने सीएमओ को निर्देश**

# पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण नहीं होने पर कलेक्टर ने जाहिर की नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने समय-सीमा की बैठक ली, जिसमें उन्होंने लंबित एवं अपूर्ण कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली। साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान वय वंदना योजना का प्रचार-प्रसार अभियानपूर्वक करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए, जिससे कि जिले के 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों को निःशुल्क स्वास्थ्य योजना का लाभ मिल सके।



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, जन शिकायत पोर्टल, पीएम पोर्टल सहित कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में निराकृत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस ऑनबोर्डिंग के माध्यम से समस्त प्रकार के कार्यालयीन अभिलेखों एवं नस्तियों से संबंधित गतिविधियों का संचालन करने तथा अधीनस्थ कार्यालयों को भी ऑनलाइन माध्यम से पत्राचार करने के लिए निर्देशित करने पर उन्होंने जोर दिया। भविष्य में ई-ऑफिस के माध्यम से ही सभी कार्यालयीन दायित्वों का निर्वहन किया जाएगा। इसे नियमित रूप से व्यवहार में लाना आवश्यक है। इसके अलावा सभी कार्यालयों को सामग्री एवं उपकरण क्रय करने के लिए भारत सरकार के 'जेम पोर्टल' में विहित नियमों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्रामों में आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने तथा उनकी ऑनलाइन एंट्री अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा पीडीएस सेंटर भवन निर्माण के पिछले कुछ सालों से लंबित कार्यों को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इसमें प्रगति नहीं आने पर संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना, जिला खनिज न्यास निधि तथा विशेष केन्द्रीय सहायता मद से किए जा रहे निर्माण कार्यों में प्रगति लाते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर ने सामाजिक अंकेक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पोषण पुनर्वास केन्द्र, आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना सहित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की विभागवार प्रगति की जानकारी ली तथा उन्हें जल्द पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में जीवनदीप समिति की लगातार बैठक आयोजित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर ने पुराने लंबित प्रकरणों के अब तक निराकरण नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को शीघ्रता से कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया।

इसके अलावा कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लाभ से विद्युत उपभोक्ताओं को अवगत कराते हुए उन्हें सतत प्रोत्साहित करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता विद्युत को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त बैठक में विभिन्न एजेण्डों पर चर्चा कर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष...

### खेत में लगी...

नहीं चला। अज्ञात चोर ने खेत मे लगे बोर से तीन एचपी के बोर मशीन कीमती 10 हजार रुपए को बोर से निकाल कर चोरी कर ले गया है। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सिंगारवही के जर्जर...

जाना पड़ता है। गांव के लोगों ने बताया कि इस जर्जर भवन की शिकायत कई बार पंचायत, जनपद और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से की गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन दिया गया, लेकिन अभी तक किसी ने स्थिति का स्थायी समाधान नहीं किया।

### दबंगों ने दो...

बाई मरकाम और वह कुल्हाड़ी को छिन लिया। उसी समय अजय सिन्हा द्वारा पहने कड़ा से मेरे सिर के पीछे भाग को मारने पर चोट आया और खून निकलने लगा। घटना के समय मेरा भाई किशन सिन्हा व प्रकाश सलाम, जानू सिन्हा एवं सुधिया बाई मरकाम और अन्य लोग ने बीच बचाव नहीं किया होता , तो बहुत बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। ईलाज कराने में देरी होने और रात होने के कारण अगले दिन 11 अगस्त को शिकायत दर्ज कराया हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अजय सिन्हा, बबलु पटेल, रोशन पडोटी अन्य दो व्यक्ति के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

### शंका और घरेलू...

धमकी देकर हाथ, थप्पड़ एवं लात घूंसा से मारपीट करने लगा। मारपीट करते समय मेरे मामा केसर निषाद एवं भाई शिवचरण निषाद, कोमेश निषाद ने बीच बचाव किया। मारपीट करने से कमर में चोटें व खरोंच आई है, जिससे दर्द हो रहा है। अगले दिन 10 अगस्त को सुबह लगभग 8 बजे मेरे पति खाना बनाने की बात व शंका करते हुए धक्का मुक्की एवं छीना झपटी कर मेरे साड़ी को फाड़ दिया एवं जान से मारने की धमकी दी। मेरे पति हमेशा मुझे शंका करते हुए मेरे साथ मारपीट एवं लड़ाई झगड़ा करते रहता है। गांव में कई बार बैठक कर गांव वालों द्वारा समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन मेरे पति के आदत में कोई सुधार नहीं आया। पति द्वारा मारपीट करने से वह काफी परेशान हूं। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति नागेश्वर निषाद के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

खबर संक्षेप

## पैथोलॉजी लैब का किया निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले में संचालित पैथोलॉजी लैब का औचक निरीक्षण किया गया। जिले में छत्तीसगढ़ राज्य उपचार्यगृह तथा रोग उपचार संबंधी स्थापना अनुज्ञापन अधिनियम 2013 के तहत पैथोलॉजी लैब संजीवनी डायग्नोस्टिक सेंटर, ठाकुर पैथोलॉजी, मंडल पैथोलॉजी एवं मां दंतेश्वरी पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम एक्ट के तहत विभिन्न बिंदुओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट डॉ हितेश ठाकुर, नायब तहसीलदार बहादुर राम, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ बसंत कोसरे जिला सलाहकार अंकित सिंह एवं दिनेश ठाकुर उपस्थित थे।

## टीबी मुक्त अभियान के तहत सरपंच बना निक्षय मित्र



**दंतेवाड़ा।** जिले में टीबी रोगियों को अतिरिक्त पोषण आहार सामाजिक सहयोग और उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि और जिला, जनपद के सदस्यों से अपील की जा रही है कि वह निक्षय मित्र बनकर ऐसे टीबी रोगियों की मदद करें। इसी कड़ी में विगत दिवस गीदम ब्लॉक के कौरगांव पंचायत से सरपंच बृजेश कड़की के द्वारा निक्षय मित्र बनने में सहमति प्रदान की गई। तदोपरांत उन्हें निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत कर प्रमाण पत्र को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजय रामटेक के द्वार प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर हुआ पुरस्कृत



**बचेली।** बचेली नगर पालिका के लिए स्वच्छता के क्षेत्र में मिला राज्य एवं देश में तमगा पूरे देश में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 मे शहरों की रेंकिंग जारी की गयी थी, जिसमें छतीसगढ़ राज्य देशभर में राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली में पुरस्कृत हुआ था जिसके तत्वावधान में आज राज्य स्तरीय स्वच्छता संगम 2025 जो की बिलासपुर के बगतरई स्टेडियम में आयोजित किया गया। नगर पालिका बड़े बचेली को देश में 20000-50000 जनसंख्या के श्रेणी में देश में 16 वां स्थान, राज्य में 24 स्थान स्टार रेंकिंग में 1 स्टार सिटी हेतु मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री के द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार के लिए नगर के अध्यक्ष राजू जायसवाल, पीआईसी सदस्य धंसिंग नाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटीएम कृष्णा राव, उप अभियंता संतोष नेगी, स्वच्छता दीदी अलका सोंटाके, स्वच्छता प्रेरक मिलिंद बारीक़ नगर के स्वच्छता दीदी एवं नगर कर्मचारी शामिल हुए।

# आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारी नहीं तो होगा एसपी कार्यालय का घेराव: तुलिका

- बड़े कंपनियों के पास नहीं मजदूरों का कोई डाटा, जिले में बढ़ रहे अपराध
- पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप व्यवस्था दुरस्त की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



विगत 20 जुलाई को किरन्दुल में हुए रेप कांड में शामिल आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने आज जिला पंचायत सदस्य तुलिका के नेतृत्व में महिला कांग्रेस व युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए तुलिका कर्मा ने बताया घटना के बीस दिन गुजर जाने के बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पहले बताया गया कि पीड़िता के साथ रेप नहीं हुआ है फिर मेडिकल कॉलेज में बताया गया कि पीड़िता से रेप किया गया है। इस मामले को दबाने व आरोपियों को बचाने पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। तुलिका ने कहा कि इस मामले में जिस स्तर की जांच होनी चाहिए थी उस स्तर पर पुलिस प्रयास नहीं कर रही है। अभी कुछ महीनों से जिले में आदिवासी युवतियों लगातार अत्याचार के मामले सामने आ रहे, जो यह बताता है कि शासन-प्रशासन पूरी तरह निष्क्रिय पड़ी हुई है। एनएमडीसी, एस्सार, मित्तल जैसे बड़े कंपनियों पर तंज कसते हुए तुलिका ने कहा कि इन कंपनियों में कार्य करने दूसरे शहरों से आदमी बुलाए जा रहे हैं, जिनका कोई रिकार्ड कोई पहचान पुलिस के पास नहीं है। ऐसे युवक बड़ी आसानी से जिले में अपराध कर भाग रहे हैं। तुलिका ने बताया कि बड़े कंपनियों को सिर्फ अपना काम निकालना है उन्हें आदिवसियों के जान-माल से कोई लेना देना नहीं है। पुलिस अधीक्षक को आज ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि बाहर से आए सभी नागरिकों का पूरा रिकार्ड रख उन पर नजर रखें साथ ही रेप कांड में शामिल आरोपियों को जल्द पकडऩे आवश्यक पहल करें। तुलिका ने कहा कि अगर दस दिवस के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, पार्षद इंद्रा ठाकुर, राधा नाग, पार्षद एन नागराज, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा, रानू राव, सोहन भवानी समेत अन्य उपस्थित थे।

### जुलूस में स्कूली बच्चें, शहरवासी और पुलिस की रही सहभागिता

# सीआरपीएफ की बाइक रैली से बना देशभक्ति का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




देश के राष्ट्रव्यापी अभियान हर घर तिरंगा के तहत सीआरपीएफ की 226 वीं बटालियन ने आज 12 अगस्त को वाहिनी मुख्यालय, गीदम नाला से सुकमा शहर तक बाईक रैली का आयोजन किया। इसमें कमाण्डेंट एचपी सिंह के साथ बटालियन के अन्य अधिकारियों एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

- पूरे रास्ते को उत्सवी सजावट और देशभक्ति के संदेशों से सजाया गया

इस कार्यक्रम में बाईकर्स का एक जीवंत जुलूस शामिल था, जो तिरंगा लहराते और जयकारे लगाते हुए शहर के प्रमुख स्थलों से गुजरे। पूरे रास्ते को उत्सवी सजावट और देशभक्ति के संदेशों से सजाया गया था। जिससे एक रोमाचंक माहोल बन गया। इसके अतिरिक्त सुकमा पुलिस की टीम के साथ स्थानीय जनता ने भी इस रैली में जुड़कर इस अभियान को पूर्ण रूप प्रदान किया। कमाण्डेंट एवं उपस्थित अधिकारियों ने मदर टेरेसा स्कूल के बच्चों एवं एन.सी.सी के छात्रों तथा सरकारी जूनियर कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं तथा स्थानीय निवासियों को तिरंगा वितरित करते हुए हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को हर घर तिरंगा अभियान को एक यादगार जन आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने लोगों से अपने घर पर एक तिरंगा फहराने एवं सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट हर घर तिरंगां एवं सेल्फी विद तिरंगा के साथ अपलोड करने के लिए भी प्रेरित किया जिससे की जन-जन के अंदर राष्ट्र भावना को जागृत किया जा सके।

## नक्सल प्रभावित पूवर्ती गांव पहुंचे कलेक्टर व एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कभी नक्सली कमांडर हिड़मा के नाम से कुख्यात रहे सुकमा जिले के दूरस्थ और नक्सल प्रभावित गांव पूवर्ती में बदलाव की बयार बह रही है। आज यह गांव सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़कर विकास की मुख्यधारा की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

इसी कड़ी में सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण तथा डीएफओ अक्षय दिनकर भोसले ने पूवर्ती गांव का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर ग्रामीण उत्साहित नजर आए। कलेक्टर से ग्रामीणों ने गाँव के विकास और समस्याओं के बारे में बिना झिझक अपनी बात रखी।

अधिकारियों ने सबसे पहले मुख्य सड़क सिलगेर से पूवर्ती को जोड़ने वाले बीआरओ द्वारा निर्मित बैली ब्रिज का निरीक्षण किया। यह पुल बारहमासी आवागमन सुनिश्चित कर रहा है और गांव को सालभर जिला मुख्यालय से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण के बाद अब वर्षा ऋतु में भी शहरों से गांव का संपर्क नहीं टूटता।

दौरे के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने ग्रामीणों से सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यकताओं पर चर्चा की। कलेक्टर ने बताया कि नियद नेल्ला नार योजना एवं नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पूवर्ती सहित अन्य गांवों में विकास कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के बैनर तले हर घर तिरंगा रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

विकासखंड कोंटा क्षेत्र में सेवा दे रही 50वीं वाहिनी केरिपुबल ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चल रहे हर घर तिरंगा अभियान तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत रैली का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वाहिनी के द्वितीय कमान के अधिकारी दुर्गा राम द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. बिनोद टोपो. मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीरज कुमार परिचालन डॉ. नितेश कुमार सिंह वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राकेश सिंह, सहा. कमा. के साथ 50वीं वाहिनी के अधिनिस्थ अधिकारी जवान एवं बड़ी संख्या में बालक आश्रम इंजरम के छात्रों ने भाग लिया।

रैली का शुभारंभ बटालियन परिसर से हुआ जहाँ देशभक्ति के जोशीले नारों के बीच तिरंगा लहराते हुए जवान अधिनिस्थ अधिकारी बालक आश्रम इंजरम के छात्रों के साथ विभिन्न मार्गों से गुजरे। रास्ते में लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों और राहगीरों ने भी तिरंगा लहराकर रैली का उत्साहवर्धन किया। रैली के उपरांत एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें देश की विविध सांस्कृतिक परंपराओं भाषाओं परिधानों और लोककलाओं का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न राज्यों की संस्कृति एवं परंपराओं के आदान-प्रदान के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना और विविधता में एकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा। साथ ही मुख्य उद्देश्य राष्ट्रप्रेम एकता और अखंडता की भावना को जन-जन तक पहुँचाना हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को सशक्त बनाना था।

## योग आयोग के अध्यक्ष पहुंचे बीजापुर



बीजापुर। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचे उन्होने प्रवास के दौरान सर्किट हाऊस में प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले में योगाभ्यास के व्यापक प्रचार-प्रसार पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान योग प्रशिक्षकों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ योग पर चर्चा किए।

योग आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि बीजापुर के गांव-गांव तक योग को ले जाने का प्रयत्न चल रहा है। इस दिशा में मैदानी छत्तीसगढ़ के साथ-साथ दक्षिण बस्तर में भी योगाभ्यास को लेकर जाने का लक्ष्य हैं। जशपुर जिला में भी योग दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न किया। शहरों के साथ-साथ सुदूर गांवो में भी योगाभ्यास का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार हो सके इसलिए प्राथमिक बैठक बीजापुर प्रवास के दौरान हुई है।

## 14 अगस्त को होगी स्वतंत्रता दौड़

**सुकमा।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु 14 अगस्त को प्रातः 7 बजे जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ दंतेवाड़ा-जगदलपुर तिराहा से प्रारंभ होकर पीडब्ल्यूडी तिराहा होते हुए मिनी स्टेडियम सुकमा में समाप्त होगी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दौड़ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और स्वतंत्रता पर्व की गरिमा को बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि स्वतंत्रता दौड़ में महाविद्यालय और स्कूल के छात्र, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण और अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे।

## हर घर तिरंगा रैली में कलेक्टर व एसपी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला मुख्यालय सुकमा में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण शामिल होकर जनमानस में देशभक्ति का संदेश दिया। रैली की शुरुआत जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास सुकमा से हुई। द्वितीय वाहिनी के जवानों और जवाहर नवोदय विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने तिरंगे झंडे लहराते हुए भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। रैली संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर होते हुए वापस जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास पहुंचकर संपन्न हुई।

कार्यक्रम में द्वितीय वाहिनी के अधिकारी अश्विन कुमार मिश्रा कमांडेंट कमलेश डिप्टी कलेक्टर शबाब खान सहित जिले के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

## एकता एवं अखंडता का संदेश पहुंचाने निकले जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





195 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल बारसूर ने 12 अगस्त को भारत सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान हर घर तिरंगा के अंतर्गत सातधार से बारसूर तक भव्य बाइक रैली और पैदल मार्च का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ कमांडेंट राजीव कुमार ने सातधार से किया। यह रैली स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करने और देश की एकता एवं अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निकाली गई।

बाइक रैली सातधार से बारसूर चौक होते हुए भारत माता मंदिर तक पहुँची। कमांडेंट राजीव कुमार ने सभी जवानों और क्षेत्रवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में पूरे उत्साह, गर्व और देशभक्ति के साथ भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आत्मा और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों का प्रतीक है। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी सुभाष चंद प्रसाद, सीएमओ डॉ. अनिल कुमार भारती, एडज्यूटेंट राजकुमार, सहायक कमांडेंट संजीव कुमार, एसएमओ डॉ. वागीश त्रिपाठी, थाना प्रभारी बारसूर संजय उरसा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

## पुलिस ने दी विद्यार्थियों को नैतिक, कानूनी व सुरक्षा का शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



बस्तर विकासखंड के माध्यमिक शाला भुरसुंडी में पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित धोत्रे के निर्देशन में बस्तर थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े एवं उनकी टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को सामाजिक, नैतिक, कानूनी एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियं प्रदान की गईं। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यबोध जैसे जीवनमूल्यों का महत्व समझाया।

अधिकारियों ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे जीवन में ईमानदारी, संयम और नियमों का पालन करें। उन्होंने बड़ों के सम्मान, आपसी सद्भाव और विविधता में एकता बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बच्चों को चेताया कि नशा व्यक्ति के भविष्य को अंधकारमय बना सकता है। बच्चों को बताया गया कि वे तम्बाकू, सिगरेट, गुटखा तथा किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों और गलत संगति से दूर रहें। साथ ही नशे से जुड़ी लत के कारण होने वाले सामाजिक, मानसिक और शारीरिक नुकसान के उदाहरण भी साझा किए गए। बच्चों को बाल अधिकार, बाल श्रम निषेध और बाल विवाह जैसे विषयों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ड्राइविंग की कानूनी उम्र, सोशल मीडिया की सीमाएं और साइबर क्राइम से सुरक्षा के उपाय भी साझा किए गए। उन्हें बताया गया कि एक जागरूक नागरिक बनना हर विद्यार्थी का कर्तव्य है।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ने शुरू की यूपीआई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




कलेक्टर बस्तर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्राधिकृत अधिकारी हरिस एस के मार्गदर्शन एवं प्रयासों के फलस्वरूप सोमवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर ने यूपीआई सुविधा प्रारंभ कर दी है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर प्रदेश में रायपुर और दुर्ग सहकारी बैंकों के बाद तीसरा सहकारी बैंक बन गया है जहाँ ग्राहकों के लिए यूपीआई सुविधा आरम्भ की जा सकी है। इसी अनुक्रम में बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्देशित सायबर सुरक्षा अंतर्गत बैंक के वेबसाईट में लाईव कर दिया है, इस डोमेन में यह प्रदेश का पहला सहकारी बैंक है। ग्राहक उक्त यूआरएल से डिजिटल जानकारी एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे ।

- ग्रामीण ग्राहकों को मिलेगी अधिक आसान बैंकिंग सुविधा

इस अवसर पर कलेक्टर बस्तर एवं बैंक के प्राधिकृत अधिकारी हरिस ने जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों को कहा कि महीनों की कड़ी मेहनत और समर्पण के बाद बैंक यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म पर लाइव हो गया है। अब बैंक की पूरी टीम ग्राहक सुविधा के प्रति एक सुरक्षित और सुविधाजनक भुगतान अनुभव प्रदान करने में सक्षम होगा। अब बैंक के ग्राहक गूगल पे, फोनपे, व्हाट्सएप, पेटीएम आदि जैसे लोकप्रिय प्लेटफार्मों का उपयोग करके यूपीआई सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। जिससे ग्राहकों को अधिक लचीलापन और आसान सुविधा मिलेगी। बस्तर संभाग के 7 जिलों के लगभग 4 लाख ग्राहकों जिसमें ज्यादातर ग्रामीण किसान हैं को अब हर छोटी मोटी आर्थिक जरूरतों के लिए बैंक आना नहीं पड़ेगा और वे अपने घर से ही इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इस दौरान उन्होंने बैंक की टीम को बस्तर अंचल की जनता को बेहतर सेवाएं देने सहित उत्कृष्टता की दिशा में सतत प्रयास करने के लिए उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक कुंवर सिंह ध्रुव ने बताया कि कलेक्टर बस्तर एवं बैंक के प्राधिकृत अधिकारी श्री हरिस ने बैंक के ग्राहकों विशेषकर ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए उक्त सुविधा प्रारम्भ किये जाने को लेकर व्यक्तिगत रूचि लेकर बैंक अधिकारी-कर्मचारियों का सतत मार्गदर्शन किया।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दंडाधिकारी, भानुप्रतापपुर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर, छ.ग.

:: शपथ पत्र ::

मोहम्मद याकूब रिजवी पिता मोहम्मद इब्राहिम उम्र 69 वर्ष, जाति तेली मुसलमान, निवासी ग्राम पोस्ट संबलपुर, थाना व तहसील भानुप्रतापपुर, जिला-उ.ब. कांकेर छ.ग. शपथकर्ता

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक कंडिकावार निम्न कथन शपथ पूर्वक व्यक्त करता हूं :-

1. यह कि मेरा विवरण उपरोक्तानुसार होकर मेरा वास्तविक नाम मोहम्मद याकूब रिजवी है जो मेरे आधार कार्ड,पेन कार्ड,बैंक खाता, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र सहित अन्य दस्तावजों में दर्ज है। मेरा घरेलू नाम (निक नेम) फकीर मोहम्मद हैं फकीर मोहम्मद के नाम पर मेरा कोई भी दस्तावेज नहीं है।
2. यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा घरेलू नाम फकीर मोहम्मद दर्ज किया गया है। फकीर मोहम्मद एवं मोहम्मद याकूब रिजवी दोनों मेरे ही नाम हैं अन्य कोई पृथक व्यक्ति के नाम नहीं है।
3. यह कि इस शपथ पत्र के आधार पर मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम फकीर मोहम्मद के स्थान पर मेरा वास्तविक नाम मोहम्मद याकूब रिजवी लिखा पढा एवं समझा जावे। इस हेतु भविष्य में होने वाले समस्त दायित्वों हेतु मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
4. यह कि फकीर मोहम्मद एवं मोहम्मद याकूब रिजवी दोनों मेरे ही नाम होने के आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठापूर्वक यह घोषित एवं सत्यापित करता हूं कि उक्त शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 में उल्लेखित समस्त तथ्य मेरी निजी जानकारी ज्ञान एवं विश्वास में पूर्णः सत्य एवं सही है आज दिनांक 08/08/2025 को स्थान भानुप्रतापपुर में अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

मो. याकुब
शपथकर्ता

## खबर संक्षेप



### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**कोरर।** ग्राम कोकानपूर में सर्व आदिवासी समाज द्वारा विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज के सभी लोग पारंपरिक वेशभूषा व सिर पर पगड़ी पहन कर रेला गीत गाया। इस अवसर पर समाज द्वारा बुढ़ादेव व दंतेश्वरी माता का पूजा अर्चना कर मावलीपारा से रैली निकालकर ग्राम में भ्रमण किया गया। अन्य समाज द्वारा भी इस आयोजन में शामिल हो कर सेवा जोहार कर बधाई व शुभकामनाएं दिए। इस दौरान प्रमुख रूप से ग्राम पटेल माखन मंडावी, उप सरपंच योगीता राघवेंद्र राजपूत, रमेश टेकाम, सूरज मंडावी, अमृता तेता, उर्मिला कैमरों, हेमलाल तेता, नरसिंह कुमेटी, सुखदू मंडावी, भारत तेता, अवध मंडावी, देशी राम, लखन टेकाम, गसू तेता, शिवप्रसाद तेता, हरबंस दरो, घसिया कांगे, रोहिदास कांगे, विशाल दरो, लता टेकाम, साधु मंडावी, सादे तेता, सालिक राम अलनिया, गोलू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहें।

### शहर में आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**कांकेर।** देशभक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान के उद्देश्य से 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में बुधवार 13 अगस्त को प्रातः 10 बजे से नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर कांकेर से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उक्त निर्धारित तिथि एवं स्थान पर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

### मुड़पार में आज भृत्य कल्याण संघ की बैठक का होगा आयोजन

**सरोना।** ग्राम पंचायत सरोना में भृत्य कल्याण संघ की बैठक 13 अगस्त को मुड़पार में दोपहर 12 बजे से आयोजित की जाएगी। यह बैठक नरहरपुर ब्लॉक स्तर पर होगी, जिसमें ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में कार्यरत भृत्यों को उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक में संगठन के विषय में चर्चा की जाएगी। बैठक के उद्देश्य ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के संगठन के विषय में चर्चा करना, नरहरपुर ब्लॉक के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत में कार्यरत भृत्यों की समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा करना होगा।

क्राइम : पुलिस ने चोरी हुए 95 हजार नकदी के साथ सोने चांदी के आभूषण को किया जब्त

# प्रेमिका ने प्रेमी को बाइक दिलाने दो लाख की चोरी की, दोनों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- गांव में मिलकर घटना को दिया था अंजाम

हल्बा चौकी के ग्राम डूमरपानी में सब्जी विक्रेता के घर से 8 अगस्त को 95 हजार नकदी सहित सोने आभूषण कुल 2 लाख की चोरी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में एक युवती और एक युवक को दबोचा। युवती ने बताया कि प्रेमी ने मोटर सायकल की माँग किया था। उसे दिवाली में मोटर सायकल दिलाने चोरी करने की योजना बनाई, जिसमें सफल भी रही। युवती को चोरी वाले घर के आसपास गांव वालों ने देखा था। पुलिस ने युवती से पूछताछ किया। जिसने चोरी करना कबूल करते हुए बताया कि प्रेमी के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

एएसपी दिनेश सिन्हा ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि पुलिस ने संदेह के तहत गांव की करूणा पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि अपने प्रेमी डूमरपानी निवासी ताम्रध्वज विश्वकर्मा को मोटर सायकल खरीदने के लिए पैसे की जरूरत होने पर दोनों मिलकर अपने परिचित के घर पर चोरी करने की योजना बनायी। घटना दिनांक को करीबन 2 बजे आरोपिया प्रार्थी के घर चोरी के लिए घुसी, जिस दौरान आरोपी ताम्रध्वज विश्वकर्मा बाहर से निगरानी कर रहा था। आरोपिया ने प्रार्थी के घर में रखे बसूला से कमरे का ताला तोड़ी और कमरे के अंदर गई। जहां पर कमरे में दो पेटियॉ थीं, जिसे तोड़कर नकद पैसा और जेवर को चोरी करके घर से बाहर निकल आई। प्रेमी ताम्रध्वज विश्वकर्मा को गाड़ी खरीदने के लिए नकद रकम को दे दी और जेवर को अपने घर में ले गई।





**कार्रवाई वाली टीम में ये रहे शामिल**

मामले का खुलासा करने और आरोपियों को दबोचने में चौकी प्रभारी निरीक्षक मालिक राम केंवट, प्रधान आरक्षक सुकदेव धुव, चन्द्रभान टेकाम एवं समस्त स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

**नकद सहित जेवरात बरामद**

पुलिस ने चोरी का रकम 95,000 रुपए नकदी को ताम्रध्वज विश्वकर्मा के घर से और 1 नग सोने का मंगल सूत्र, 1 नग सोने का मराठी माला, 01 जोड़ी सोने कान का टॉप्स, 01 नग चॉदी का करधनी, 01 जोड़ी चांदी का पायल करूणा पटेल के घर से जब्त किया। दोनो आरोपियों को धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

# मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोयलीबेड़ा

ब्लाक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी एंव अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। पालक शिक्षक सम्मेलन के पूर्व जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधीयों व पालकों ने शाला व कक्षाओं का निरीक्षण किया एवं छात्र-छात्राओं से संवाद किया। छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा घोषणाएं भी किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के सामाजिक, शारिरीक, मानसिक व सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एंव शिक्षक के प्रति बेहतर सामंजस्य स्थापित करना था। छात्र-छात्राओं की संपूर्ण गतिविधियों से शिक्षक एंव पालक अवगत हो। शिक्षक एवं पालक के संयुक्त प्रयास से शिक्षा का माहौल बनाना, जिससे छात्र-छात्राओं का सतत विकास हो, विद्यालय एंव घर के माहौल से सकारात्मक प्रेरणा मिले, जिससे परीक्षा का तनाव व डर दूर हो सके। साथ ही पालक-शिक्षक सम्मेलन में छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं मे सफलता प्राप्ति के मुख्य बिंदूओं पर चर्चा किया गया। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने में आने वाली समस्या व उसके निराकरण पालक-शिक्षक सम्मेलन का विषय था। शनिवार को बैगलेश-डे पर होने वाले गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया और साथ ही छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के दूष्परीणाम से अवगत कराया गया। सम्मेलन समाप्ति के पूर्व, चयनित शाला नायक, शाला नायिका व छात्र परिषद अन्य सभी प्रभारी छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन में प्राचार्य जीआर गढ़िया, आरआर हिड़को सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व जन-भागीदारी समिति अध्यक्ष नारद कौशल, जागेश्वर पुजारी, विनोद उसेंडी, हेमा हुपेंडी, अजय साहू, रीना बघेल, बसंत ध्रुव, गोविंद, कौशल, मुकेश सहारे, पवन वड्डे व अन्य पालकगण उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान में 178 बटालियन बीएसएफ के जवानों ने निकाली बाइक रैली

**दुर्गूकोंदल।** आजादी का अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 178 बटालियन बीएसएफ मुख्यालय दुर्गूकोंदल द्वारा भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कार्यवाहक कमांडेंट जेआर कुजुर के मार्गदर्शन तथा उप समादेष्टा नागमणि सिंह के नेतृत्व में निकाली गई। रैली का शुभारंभ मुख्यालय दुर्गूकोंदल कैंप से हुआ, जिसमें वाहिनी के अधिकारी और जवान इसके अलावा दुर्गूकोंदल थाना प्रभारी प्रहलाद यादव सम्मिलित रहे। रैली दुर्गूकोंदल बाजार, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल और दुर्गूकोंदल ग्राम पंचायत क्षेत्र से होकर गुजरी।



पूरे मार्ग में बीएसएफ जवानों ने देशभक्ति के नारों से वातावरण को उत्साह और देशप्रेम से सराबोर कर दिया। विद्यार्थियों और दुकानदारों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर उन्हें अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। बीएसएफ ने आम जनता से अपील की 15 अगस्त को अपने-अपने घरों पर तिरंगा अवश्य फहराएं और देश की एकता, अखंडता तथा गौरव को बनाए रखने में अपना योगदान दें।

# पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा, आमजनता को दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर

- पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया
- स्वतंत्रता दिवस के महत्व को बताया गया

आजादी के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बांदे पुलिस और सीमा सुरक्षा बल की 94 वीं बटालियन के जवानों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर बांदे में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। बांदे के दुर्गा मंदिर चौक से शुरू होकर तिरंगा यात्रा मुख्य मार्गों से गुजरी और इसका समापन बस स्टैंड पर हुआ। यात्रा में शामिल सभी लोगों ने हाथों में तिरंगा झंडा थामे हुए थे। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद जैसे देशभक्ति नारे गूंजते रहे, जिससे क्षेत्र का माहौल पूरी तरह से देशभक्तिमय हो गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों के मन में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और स्वतंत्रता दिवस के महत्व को बताना था। 94 वीं बटालियन के कमांडेंट ने बताया इस तरह के आयोजन से न केवल हमारे जवानों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि यह आम जनता को भी देश के प्रति अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी का एहसास कराता है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर जवानों और जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।



### पखांजुर में जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा



आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजुर राकेश कुमार कुर्रे, अनुविभागी अधिकारी पुलिस रवि कुजूर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी पखांजुर लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में पखांजुर पुलिस विभाग और सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने संयुक्त रूप से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समझाना था। यह यात्रा नगर पंचायत पखांजुर से शुरू हुई और मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरी। यात्रा के दौरान, जवान भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे देशभक्ति के नारे लगाते रहे, जिससे पूरा वातावरण जोश से भर गया। स्थानीय निवासियों ने भी अपने घरों से निकलकर जवानों का उत्साह बढ़ाया और यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर पखांजुर पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से पुलिस और जनता के बीच संबंध मजबूत होते हैं, साथ ही यह युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। बीएसएफ के जवानों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि देश की सुरक्षा के साथ-साथ ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेना उनके लिए गर्व की बात है। यह तिरंगा यात्रा आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत का प्रतीक है और इसने पखांजुर में देशभक्ति का एक नया जोश भर दिया है।

# राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर अभियान की शुरूआत की

**भानुप्रतापपुर।** मोर तिरंगा मोर अभियान की शुरुआत भानुप्रतापपुर मंडल में राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर किया। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने बताया कि यह ध्वज मंडल के 13 शक्ति केंद्रों के अंतर्गत आने वाले 64 मतदान केंद्रों में वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर सभी आमजन से आग्रह किया गया कि राष्ट्रीय पर्व को गर्व एवं उत्साह के साथ मनाएं। कार्यक्रम में रत्नेश सिंह, राजीव श्रीवास एवं गिरधारी नरेटी, ढालन सिंह राणा, योगेश सोनवानी, अभय पाण्डेय, जुगल किशोर शर्मा, कस्तूर चंद जैन, प्रदीप जैन, गुरपाल रंधावा, लक्ष्मण कुलदीप, धर्मेंद्र रावटे, जिवराखन सलाम, अनीस मिश्रा, राजेंद्र जैन हरी यादव, अंकुर शुक्ला सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संकल्प लिया कि हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान को पूर्ण सफलता दिलाएंगे और राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने में सार्थक योगदान देंगे।



# भाजपा कोरर मंडल में मोर तिरंगा मोर अभिमान में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**कोरर।** मोर तिरंगा, मोर अभिमान की शुरुआत मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप एवं मंडल के महामंत्री नरेंद्र शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर किया। इस अवसर पर सभी आमजन से आग्रह किया गया, कि वे इस राष्ट्रीय पर्व को गर्व एवं उत्साह के साथ मनाएं। इसके उपरांत कोरर नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर, शंकर यादव, चउथ राम उईके, रोहित साहू, कुबेर कोसमा, रमेश हुपेंडी सहित बड़ी संख्या में देश प्रेमी एवं कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए। जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी अनूप सिंह राठौर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष इस अभियान का नाम मोर तिरंगा मोर अभियान रखा गया है, साथ ही उन्होंने कहा कि इससे जनता को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान व तिरंगे झंडे के प्रति प्रेम भावना जागृत होती है। रैली में शामिल लोगों ने घरों में तिरंगा फहराने का संदेश दिया।

# ग्रामीणों ने सार्वजनिक स्थलों मंदिर परिसर की सफाई की

**सरोना।** तहसील सरोना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मालगांव में ग्रामीणों ने एकजुट होकर स्वच्छता अभियान चलाया और पूरे क्षेत्र में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का संदेश फैलाया। ग्रामवासियों ने अपने-अपने हाथों में झाड़ू, फावड़ा और सफाई के अन्य उपकरण लेकर गलियों, चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और मंदिर परिसर की सफाई की। इस दौरान प्लास्टिक कचरा, गंदगी और खरपतवार को हटाकर पूरे गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया।



अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में की गई, जिसमें महिलाएं, युवा और बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। ग्रामीणों ने न केवल सफाई की बल्कि गांव के हर घर और मोहल्ले में जाकर लोगों को स्वच्छ गांव, स्वस्थ गांव का संदेश दिया। लोगों से अपील किया कि घर के कचरे को इधर-उधर न फेंके, खुले में शौच न करें और प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करें। ग्रामीणो ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि निरंतर चलने वाला संकल्प है, जिसे हर ग्रामीण को अपनी आदत में शामिल करना होगा। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने भी स्वच्छता पर नारे लगाए और रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे अभियान से न केवल गांव की सुंदरता बढ़ती है, बल्कि बीमारियों से भी बचाव होता है। अभियान के अंत में सभी प्रतिभागियों को जलपान कराया गया और भविष्य में भी नियमित अंतराल पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# बाइक सवार युवक को रास्ते में रोक कर ट्रैक्टर चालक ने पीटा

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चारामा के शराब दुकान जाने वाले मार्ग पर ट्रैक्टर के चालक ने सामने से बाइक में सवार होकर आ रहे युवक को रोका। तुम लोग बाइक को देखकर नहीं चलाते हो कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। माहुद निवासी 35 वर्षीय प्रमोद नेताम ने चारामा पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 11 अगस्त को गांव के योगेश औरसा, ऐवन्द्र मंडावी के साथ काम से सायकल से चारामा आ रहे थे। चारामा के शराब भट्टी मेन रोड जाने का रास्ते से जा रहे थे। तभी करीबन दोपहर 2 बजे भट्टी रोड तरफ से ट्रैक्टर चालक सुमीत कुमार सोनकर वाहन को चलाते आ रहा था। हम लोग सड़क में अपनी साइड में चल रहे थे। आरोपी सुमीत जबरदस्ती हमें रूकने के लिए बोला और तुम लोग देखकर नही चलाते हो बोलते हुए अपने गाड़ी को सामने खड़े कर मुझे गाली दिया और हाथ थपड़ से मेरे गाल एवं सिर को मारते हुए जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुमीत कुमार सोनकर के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



# दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का यूडीआईडी प्रमाणीकरण आंकलन शिविर 2 सितंबर से

**कांकेर।** जिले के दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के आंकलन व प्रमाणीकरण के लिए जिले के सभी जनपद पंचायतों में 02 से 10 सितम्बर तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार उक्त शिविरों में पात्र पाए गए दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का पेंशन प्रकरण तैयार की जाएगी, यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे। इसी प्रकार आधार सीडिंग, बैंक खाता खोला जाना, मोबाईल नंबर एंट्री, ई-केवायसी इत्यादि कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण व नकली हाथ-पैर लगाने के लिए नापजोख किए जाएंगे।

समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कांकेर में 02 सितम्बर को, जनपद पंचायत चारामा में 03 सितम्बर, जनपद पंचायत नरहरपुर में 04 सितम्बर, जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में 05 सितम्बर, जनपद पंचायत दुर्गूकांदल में 08 सितम्बर, जनपद पंचायत अंतागढ़ में 09 सितम्बर और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में 10 सितम्बर को दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के आंकलन व प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपरोक्त किया जाएगा।







